University in News on 22 February 2020

i-Next Page 4

केवल एक क्लिक और एलयू की डिटेल सामने

SPECIAL

एक एप पर मिलेगी एलयू की सारी गतिविधियों की जानकारी

वीसी ने महाशिवरात्री के अवसर पर की घोषणा

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (21 Feb): लखनऊ यूनिवर्सिटी में अबतक जितनी भी गतिविधियां होता थी उनकी जानकारी के लिए स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाना होता था. ऐसे में अब स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट के होमपेज पर नहीं जूझना होगा. इसका कारण यह है कि यूनिवर्सिटी एक एप बनाने की योजना बना रही है, जिसमें एलयू के सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सेमिनारों और एडमिशन संबंधी सभी जानकारियों के अलर्ट और नोटिफिकेशन मिल जाएंगे.

सभी कर सकते हैं डाउनलोड

डीन स्टूडेन्ट वैल्फेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि एप में यूनिवर्सिटी में होने वाले सारे कार्यक्रम, परीक्षा कार्यक्रम, प्रवेश प्रारंभ संबंधित सभी नोटीफिकेशन आदि समय समय पर उपलब्ध होते रहेंगे. उन्होंने कहा कि ये एप कोई भी डाउनलोड कर सकता है. ये एप एंडरॉइड और एप्पल आईओएस साफ्टवेयर पर जल्द ही उपलब्ध होगा.

CONCEPT PIC

41 स्टूडेंट्स करेंगे मदद

प्रो. टंडन ने बताया कि एप को बनाने के लिए यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स की भी मदद ली जाएगी. उनकी योग्यता का उपयोग करने के लिए यूनिवर्सिटी इस एप में उनसे पूछेगी कि इसमें क्या क्या नया करना है. उन सारी चीजों में स्टूडेंट्स की मदद ली जाएगी और उनको प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा. वीसी ने शुक्रवार को स्टूडेंट्स के लिए इस नई सौगात की घोषणा की. एलयू एप को लांच करने की जानकारी उन्होंने कार्यक्रम के दौरान छात्रों को दी. वीसी ने कहा कि एप को यूज करने के दौरान जो समस्याएं सामने आएंगी उसे दूर किया जाएगा.

सुसंठित होगी वेबसाइट

यूनिवर्सिटी की वेबसाइट को और सुसंगठित, प्रभावी और जानकारीपूर्ण बनाया जाएगा. यूनिवर्सिटी अपना एक स्पेशल एप्लीकेशन भी डेवलप करेगी. इस एप के आने के बाद स्टूडेंट्स के साथ अन्य लोगों को भी एलयू की गतिविधियों से जोड़ा जा सकेगा. वीसी ने कहा कि अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं निदेशिका काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल स्टूडेंट्स को काफी सहूलियतें देगा.

पर्यवेक्षक की निगरानी में एलयू एग्जाम

पहली बार एलयू सभी एग्जाम सेंटर्स पर यूपी बोर्ड की तर्ज पर करेगा तैनाती

इन केंद्रों के प्रिंसिपल को दी जाएगी केंद्राध्यक्ष की जिम्मेदारी, पर्यवेक्षक बाहर से होंगे नियुक्त

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (21 Feb): लखनऊ यूनिवर्सिटी में अब सभी एग्जाम में यूपी बोर्ड की तर्ज पर अपने एग्जाम सेंटर्स पर पर्यवेक्षक की नियुक्ति करेगा. साथ ही सभी केंद्रों पर केंद्राध्यक्ष की तैनाती भी की जाएगी. इन पर्यवेक्षकों को पूरे एग्जाम के दौरान इन सेंटर्स पर निगरानी करने के साथ ही इनमें नकल को रोकने के कदम उठाने होंगे.

CONCEPT PIC

अभी प्रिंसिपल की निगरानी में एग्जाम

अभी तक लखनऊ यूनिवर्सिटी के एग्जाम में जिस कॉलेज को सेंटर बनाया जाता था, वहां के प्रिंसिपल की निगरानी में एग्जाम कराया जाता है. नकल रोकने के लिए सचल दल की टीमें भेजी जाती थी, पर पूरे एग्जाम कॉलेजों की निगरानी में ही होती है. ऐसे में कई बार नकल की शिकायत सामने आती थीं.

पर्यवेक्षक पर पूरी जिम्मेदारी

पर्यवेक्षक एग्जाम सेंटर्स पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लेंगे. वह अपने अनुसार तैयारियों में बदलाव कराने के साथ शिक्षकों की ड्यूटी भी लगा सकते हैं. पर्यवेक्षक के पास ही प्रश्नपत्र वितरण से लेकर कॉपियों को सील कराकर एलयू भेजने की जिम्मेदारी होगी. पर्यवेक्षक यूनिवर्सिटी, राजकीय व एडेड कॉलेजों के के एक्योडी या फिर सीनियर शिक्षकों को बनाया जाएगा.

यूएफएम में पकड़े जाते हैं

यूनिवर्सिटी का सचल दल हर परीक्षा में विभिन्न केंद्रों पर निरीक्षण के लिए जाता है. इस दौरान औसतन उसे रोज दो से चार छात्रों को नकल करते पकड़े जाने पर यूएफएम के तहत कार्रवाई करनी पड़ती थी.

> परीक्षा सुधार संग परीक्षा कराने की व्यवस्था में परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू की है. सीसीटीवी, सेंट्रल कंट्रोल रूम के साथ पर्यवेक्षक भी तैनाती का प्रस्ताव तैयार है. **एके मिश्रा**, परीक्षा नियंत्रक

पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए वीसी प्रो. आलोक कुमार राय

हॉस्टल में हवन-पूजन के साथ मनाई शिवरात्रि

LUCKNOW : लखनऊ यूनिवर्सिटी के आचार्य नरेंद्र देव हॉस्टल में हवन-पूजन के साथ शिवरात्रि का पर्व मनाया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स के साथ टीचर और वीसी प्रो. आलोक कुमार राय भी शामिल हुए.

और प्रभावी होगी वेबसाइट- इस दौरान वीसी ने स्टूडेंट्स से कहा कि यूनिवर्सिटी की वेबसाइट को और प्रभावी बनाया जाएगा. स्टूडेंट्स को यूनिवर्सिटी की गतिविधियों से जोड़ने के लिए एक एप भी बनाया जाएगा. इस कार्यक्रम में डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन, डीन सीडीसी एवं डायरेक्टर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल प्रो. मधुरिमा लाल, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. मनुका खन्ना, हॉस्टल के प्रोवोस्ट डॉ. अनूप कुमार सिंह आदि मौजूद रहे.

NBT Page 8

ऐप पर होगा एलयू का हर अपडेट

एनडी हॉस्टल में महाशिवरात्रि की पूजा के दौरान कुलपति ने की घोषणा

■ एनबीटी, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़ी छोटी से छोटी गतिविधियों की जानकारी के लिए स्टूडेंट्स को विवि की वेबसाइट पर जूझना नहीं पड़ेगा। अब एक ही जगह विवि से जुड़े अलर्ट और नोटिफिकेशन पा सकेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय 'विश्वविद्यालय ऐप' बनाने की योजना बना रहा है। यह घोषणा शुक्रवार को एनडी हॉस्टल में महाशिवरात्रि की पूजा के दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने की। इसके बाद स्टूडेंट्स, कर्मचारी, प्रोफेसर के साथ मिलकर पूजा अर्चना कर हवन किया।

डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि ऐप में परीक्षा कार्यक्रम, एडमिशन, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम से लेकर सभी नोटिफिकेशन समय-समय पर उपलब्ध होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि 'विश्वविद्यालय ऐप' कोई भी डाउनलोड कर सकता है। ये ऐप एंड्रॉइड और एप्पल आईओएस सॉफ्टवेयर पर जल्द ही उपलब्ध होगा।

स्टूडेंट्स करेंगे मदद, 41 ने दिया एप्लिकेशन

प्रो. टंडन ने बताया कि ऐप को बनाने के लिए विवि के स्टूडेंट्स की भी मदद ली जाएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय के 41 स्टूडेंट्स ने एप्लिकेशन दिया है। सहयोग के लिए लिए उन्हें एक प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

सुसंगठित बनेगी वेबसाइट

कुलपति ने बताया कि एलयू की वेबसाइट को और सुसंगठित, प्रभावी और जानकारीपूर्ण बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं निदेशिका और काउंसिलिंग ऐंड प्लेसमेंट सेल विद्यार्थियों को सारी सहूलियतें देंगे। इस मौके पर प्रो. मधुरिमा लाल, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. मनुका खन्ना, अडिशनल चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर मोनीषा बनर्जी, प्रो. एनके पांडेय, डॉ. अनूप कुमार सिंह और विभिन्न छात्रावासों के प्रोवोस्ट और सहायक प्रोवोस्ट मौजूद रहे।

महाशिवरात्रि पर एनडी हॉस्टल में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शिक्षकों और स्टूडेंट्स संग किया हवन-पूजन।

₹10 लाख से एलयू में बनेंगे महिला शौचालय

राज्यपाल ने शौचालय निर्माण के लिए दिया बजट

■ **एनबीटी, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय में अब छात्राओं के लिए अलग से टॉइलट का निर्माण किया जाएगा। यही नहीं पुराने टॉइलट का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा। हालांकि, कवायद पुरानी है, लेकिन बजट न होने की वजह से इसे शुरू नहीं किया जा सका था। अब नए टॉइलट के निर्माण के लिए कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने विवि प्रशासन को 10 लाख रुपये का बजट दिया है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि छात्राओं के लिए एक टॉइलट ओल्ड कैंपस और एक न्यू कैंपस में बनेगा। ये टॉइलट खासतौर से छात्राओं के लिए साफ-सफाई को देखते हुए बनाए जा रहे हैं।

राज्य मंत्री ने ली जीर्णोद्धार की जिम्मेदारी

एलयू कैंपस में बहुत से टॉइलट की दशा बहुत खराब और जर्जर है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि निरीक्षण के दौरान ललित कला संकाय समेत कई छात्रावासों के बहुत से टॉइलट जर्जर स्थिती में मिले। इसकी जानकारी मिलने पर महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री एवं स्वतंत्र प्रभार स्वाति सिंह ने कैंपस के सभी जर्जर टॉइलट की मरम्मत करवाने का जिम्मा लिया है।

रक्षामंत्री को भी भेजा प्रस्ताव

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि डेढ़ महीने पहले दोनों कैंपस में स्टूडेंट्स, कर्मचारियों और अन्य लोगों के लिए परिसर में तीन बड़े टॉइलट के निर्माण की योजना बनाई गई थी। इसमें सहयोग के लिए रक्षा मंत्री को प्रस्ताव भी भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

यह है वर्तमान स्थिति

प्रॉक्टर और ऐजुकेशन विभाग के प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि ओल्ड कैंपस में कुल सात से आठ सार्वजनिक टॉइलट हैं। इसके अलावा हर हॉस्टल में दो से तीन टॉइलट हैं। हर एक में 10 से 12 ब्लॉक हैं। इसके अलावा ओल्ड कैंपस में दिव्यांग स्टूडेंट्स के लिए दो टॉइलट भी बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि हॉस्टल के लगभग सभी टॉइलट जर्जर और गंदे रहते हैं। दिव्यांगों के लिए बने टॉइलट के दरवाजे टूटे हुए हैं।

महमूदाबाद हॉस्टल को संवारेंगे अल्मनाई

■ **एनबीटी, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के महमूदाबाद (एमबी) छात्रावास का जल्द ही कायाकल्प होगा। इसे संवारने का बीड़ा विवि के 1987 से 1990 बैच के बीकॉम के पूर्व छात्रों ने उठाया है। 23 फरवरी को हॉस्टल परिसर में सबमर्सिबल पंप लगाकर इसकी शुरुआत होगी। इसके अलावा पूर्व छात्र यहां बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण करवाने से लेकर हॉस्टल के कमरों की मरम्मत और रंगाई-पुताई का काम भी करवाएंगे।

■ **1987 से 1990 बैच के बीकॉम के पूर्व छात्रों ने उठाया बीड़ा**

■ **लखनऊ विश्वविद्यालय में 22 और 23 होगी रीयूनियन**

लखनऊ विश्वविद्यालय ओल्ड बॉयज रीयूनियन ग्रुप के संयोजक व नीलांश वॉटर पार्क के एमडी सतीश श्रीवास्तव ने बताया कि 22 और 23 फरवरी को पूर्व छात्रों की रीयूनियन होगी। रियूनियन का कार्यक्रम 23 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे से एलयू की कॉमर्स फैकल्टी में शुरू होगा। यहां लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति और पुराने शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। अन्य कार्यक्रम एमबी हॉस्टल में होंगे।

एलयू में भारतीय भाषा महोत्सव आज से शुरू

■ **एनबीटी, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) में 22 फरवरी से तीन दिवसीय भारतीय भाषा महोत्सव की शुरुआत होगी। उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान और एलयू के हिन्दी और आधुनिक भारतीय भाषा विभाग की ओर से होने वाले महोत्सव में वरिष्ठ साहित्यकारों के साथ लगभग 700 विद्वान और शोधार्थी शामिल होंगे। महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ मालवीय सभागार में करेंगे। तीन दिनों तक चलने वाले भारतीय भाषा महोत्सव में भाषा साहित्य से संबंधित विभिन्न समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में विचार विमर्श होगा। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के अलग-अलग सभागार में होगा। साहित्य और भाषा की गति पर 28 तकनीकी सत्र होंगे, जिसमें भाषाओं पर विमर्श, प्रौद्योगिकी अनुवाद, आलोचना, विश्व हिंदी की परिकल्पना आदि विषय हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रो. आलोक राय होंगे। इसके अलावा भाषा संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष राज नारायण शुक्ला कार्यक्रम संचालक के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में बड़े-बड़े पुस्तक प्रकाशन के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।